मुख्य मंत्रियों का एक सम्मेलन बुलाने का सरकार का विचार है ; और

(ख) यदि हां, तो कब तक यह सम्मेलन बुलाने का विचार है ?

**गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण : शुक्ल)** (क) कोई ऐसा प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

### उत्तर प्रदेश में पाकिस्तान-समर्थक तत्व

5288. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
**श्री यशपाल सिंह :**

क्या **गृह कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मेरठ जिले में मसूरी, नहाल तथा धबर्सी ग्रामों में आतंक तथा अशान्ति फैलाने वाले पाकिस्तानी तत्वों के बारे में उत्तर प्रदेश के पुलिस महा निरीक्षक को कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(क) क्या यह भी सच है कि उक्त ग्रामों में गायों का खुले आम वध किया जाता है ; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)**: (क) और (ख). राज्य सरकार के पास ऐसी कोई सूचना नहीं है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

### आसाम में पाकिस्तानी घुसपैठिये

5289. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
**श्री यशपाल सिंह :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अप्रैल, 1967 से आज तक कितने पाकिस्तानी घुसपैठिये आसाम में आकर बस गये हैं ;

(ख) उनको बाहर निकालने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) उनमें से कितने घुसपैठियों को अब तक निकाल दिया गया है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** (क) अप्रैल, 1967 से 31 अक्टूबर, 1968 तक की अवधि में असम में प्रवेश करने वाले पाकिस्तानी घुसपैठियों की ठीक-ठीक संख्या ज्ञात नहीं है ।

(ख) सीमा सुरक्षा-दल के गठन को मजबूत बना दिया गया है और सीमा पर गश्त को तेज करने के लिये सुविधा हेतु सीमा स्थित चौकियों के स्थान पुन : नियत किये गये हैं और उनकी शक्ति बढ़ा दी गई है । इसके अतिरिक्त, नये तथा पुराने घुसपैठियों का पता लगाने के लिए निरन्तर सतर्कता बनाये रखने को इस समस्या से प्रभावित राज्य की सीमाओं पर तथा भीतरी भाग में, दोनों स्थानों पर, पुलिस निरीक्षण चौकियों का जाल बिछा है ।

(ग) उल्लिखित अवधि के दौरान 2,281 नये घुसपैठियों का पता लगाया गया और उनमें से सब को या तो सीमा पर ही पीछे धकेल दिया गया या मुकदमा/सजा, इत्यादि के बाद पाकिस्तान को वापस भेज दिया गया ।

### दिल्ली में यमुना पार की बस्तियों के लिये रिंग रोड

5290. **श्री ओंकार लाल बेरवा**
**श्री यशपाल सिंह :**

क्या **परिवहन तथा नौवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :